**-:प्रेस नोट:-**

**सराहनीय कार्य कानपुर देहात**

**दिनाँक- 25.07.2026**

- **साइबर ठग द्वारा शिकायतकर्ताओं का मोबाइल हैक कर खातों से कुल धनराशि ₹ 24,800/- की धोखाधड़ी कर साइबर ठगी की गयी थी।**
- **थाना शिवली पुलिस (साइबर हेल्प डेस्क) द्वारा कार्यवाही करते हुए शिकायतकर्ताओं के खाते में कुल धनराशि ₹ 24,800/- को वापस कराया गया।**

अवगत कराना है कि जनपद कानपुर देहात में अपराध निवारण की दिशा में साइबर क्राइम से सम्बन्धित घटनाओं की रोकथाम व खुलासे हेतु चलाये जा रहे विशेष अभियान के क्रम में, शिकायतकर्ता श्री लक्ष्मण कुमार पुत्र प्रेमनारायण निवासी ग्राम अरशदपुर थाना शिवली जनपद कानपुर देहात व शिकायतकर्ता अजय कुमार पुत्र मोहनलाल निवासी कस्बा व थाना शिवली जनपद कानपुर देहात का फोन हैक करके साइबर ठग द्वारा शिकायतकर्ता लक्ष्मण के खाते से ₹ 5000/- व शिकायतकर्ता अजय के खाते से 19800/- की साइबर ठगी की गयी थी। जिसकी शिकायत शिकायतकर्ता लक्ष्मण व शिकायतकर्ता अजय द्वारा थाना शिवली (साइबर हेल्प डेस्क) पर गयी थी। जिस पर थाना शिवली पुलिस (साइबर हेल्प डेस्क) द्वारा जांच एवं कार्यवाही करते हुए शिकायतकर्ता अजय के खाते में सम्पूर्ण धनराशि ₹19,800/- व शिकायतकर्ता लक्ष्मण के खाते में सम्पूर्ण धनराशि ₹ 5,000/- दिनांक 25.07.2026 को वापस करा दिया गया है। पुलिस की कार्यवाही से शिकायतकर्ताओ ने थाना शिवली पुलिस का धन्यवाद दिया।

**वापस करायी गयी धनराशि-**

**₹24,800/-**

1.मोबाइल फोन खोने पर सीईआईआर पोर्टल व संचार साथी एप्लीकेशन के माध्यम से शिकायत दर्ज करें- https://www.ceir.gov.in

2.आनलाइन फ्राड खाते से धोखाधड़ी से पैसा निकलने की दशा में तुरंत 1930 पर कॉल करें या https://www.cybercrime.gov.in/ पर शिकायत दर्ज करे।

**धनराशि वापस कराने वाली थाना शिवली पुलिस टीम-**

1. निरीक्षक श्री अमरेन्द्र बहादुर सिंह
2. उ0नि0 श्री सोमवीर सिंह
3. कम्प्यूटर आप0 अतुल कुमार
4. म0का0 1261 प्रीति सोनकर